# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 16.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर**

◆मीडिया/सोशल मीडिया के माध्यम से तकनीकी जानकारी एकत्रित करके फर्जी जन्म प्रमाण पत्र,आधार कार्ड बनाने वाले दो ग्राहक सेवा केन्द्र संचालकों को जनपदीय एसओजी/सर्विलांस व थाना शोहरतगढ़ की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में फर्जी जन्म प्रमाण प्रत्र, आधार कार्ड व बनाने वाले उपकरण किये गये बरामद।

◆गिरफ्तार अभियुक्तगण को आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

मीडिया/सोशल मीडिया प्लेटफार्म से माध्यम से सूचना प्राप्त हुई की शोहरतगढ़ क्षेत्र में भारत-नेपाल सीमा पर स्थित कुछ ग्राहक सेवा केन्द्रों द्वारा ग्राहक से पैसा लेकर फर्जी जन्म प्रमाण प्रत्र, आधार कार्ड बनाये जा रहे है। उक्त सूचना का तत्काल संज्ञान लेते हुए सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर उक्त प्रकरण में कार्यवाही करते हुए अविलम्ब एक विशेष पुलिस टीम(एसओजी/सर्विलांस व थाना शोहरतगढ़) का गठन किया गया। सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व दरवेश कुमार क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल निर्देशन में दिनांक 15.07.2024 को थानाक्षेत्र शोहरतगढ़ के कस्बा कोटिया बाजार से गठित टीम द्वारा एबी टेलीकाम दुकान से दो व्यक्ति केश कुमार यादव व नूर आलम फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाते समय पकडे गये है। उनके कब्जे से 10 अदद फर्जी जन्म प्रमाण पत्र व 47 अदद आधार कार्ड व बनाने के उपकरण लैपटाप, प्रिन्टर,लेमिनेटर, मोबाइल आदि बरामद कर बरामदी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना शोहरतगढ़ पर मु0अ0सं0 161/2024 धारा 319(2),318(4),338,336(3),340(2) बी.एन.एस. पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर गिरफ्तार अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय भेजा गया।

**पूछताछ का विवरण-**

अभियुक्तों द्वारा पूछताछ के दौरान केश कुमार यादव ने बताया कि मैं और नूर आलम दोस्त हैं तथा मेरे सगे भाई राम बेलास जो दिल्ली में काम करते है कभी कभी आते रहते है उनको कम्प्यूटर की बहुत अच्छी जानकारी है व उनके द्वारा एक वेबसाइट/लिंक दिया गया जिसको खोलने से एक पेज आ जाता है जिस पर मै अपना एक आईडी और पासवर्ड बनाया हूँ। आईडी और पासवर्ड डालने के बाद इस वेबसाइट के पेज पर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु बाकायदा एक फार्म खुल कर आता था। जिसमे जिस व्यक्ति का प्रमाण पत्र बनाया जाना है उस व्यक्ति का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, निवास का पता, जिस अस्पताल में जन्म हुआ उस अस्पताल का नाम, जन्म स्थान, जन्म तिथि आदि विवरण भरा जाता था।समस्त विवरण भरे जाने के उपरान्त सबमिट करने पर सरकारी दस्तावेज जैसा जन्म प्रमाण पत्र बन जाता था जिसको तत्काल डाउनलोड करके प्रिण्ट कर लिया जाता था एवं लेमिनेटर से लेमिनेट कर दिया जाता था। समस्त प्रमाण पत्र जारी करने वाले अधिकारी के नाम का डिजिटल हस्ताक्षर, मुहर भी आ

**जाता था तथा इसी प्रकार आधार कार्ड को भी स्कैन /इडीट कर नाम पता चेंज कर के ग्राहक से पैस लेकर दे देते है। नूर ने पूछताछ में बताया कि साहब मेरे दुकान नूर ग्राहक सेव केन्द्र के नाम से बढ़नी कस्बे में है मैं फर्जी जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड बनाने के लिये ग्राहक से पैस व उनका विवरण /पैस लेकर केश कुमार यादव को उनके मोबाइल व्हाटसएप / फोन पे पर भेज देता हूं और केश कुमार यादव द्वारा मुझे व्हाटसएप पर फर्जी आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र भेज दिया जाता था जिसको हम प्रिन्ट कर ग्राहक को दे देते थे।**

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

**1.केश कुमार यादव पुत्र चन्दे ग्राम पैकीकास थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।**

**2.नूर आलम पुत्र मोहम्मद नसीर ग्राम दुधवनिया बुजुर्ग थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर।**

**बरामदगी का विवरण-**

**01.तीन अदद लैपटाप।**

**02.चार अदद प्रिण्टर।**

**03.एक अदद लेमिनेटर।**

**04.दो अदद मोबाइल।**

**05.दस अदद फर्जी जन्म प्रमाण प्रत्र।**

**06.सैंतालीस अदद आधार कार्ड ।**

**07.बीस अदद विजिटिंग कार्ड।**

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

**01.शेषनाथ यादव प्रभारी एसओजी जनपद सिद्धार्थनगर।**

**02.उ0नि0 सुरेन्द्र सिंह सर्विलांस सेल जनपद सिद्धार्थनगर।**

**03.उ.नि. दिनेश कुमार मिश्रा,उ.नि. सत्येन्द्र कुमार, थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।**

**04.हे.का. शेषनाथ ,धर्मेन्द्र कुमार थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।**

**05.मु0आ0 दिलीप कुमार, राजेश शुक्ला, आशुतोष धर द्विवेदी,आ0 वीरेन्द्र त्रिपाठी,सत्येन्द्र कुमार, छविराज यादव,रोहित चौहान एसओजी टीम जनपद सिद्धार्थनगर।**

**06.मु0आ0 जनार्दन प्रजापति, विवेक मिश्रा, हिन्दे आजाद सर्विलांस सेल जनपद सिद्धार्थनगर।**

**प्रेस नोट दिनांक 16.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा साप्ताहिक मंगलवार परेड की ली गई सलामी व किया गया निरीक्षण।**

**◆शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए लगवाई गयी दौड़।**

**◆अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार करवाया गया ड्रिल।**

**◆विभिन्न शाखाओं, क्वार्टर गार्द, परिवहन शाखा आदि का निरीक्षण कर साफ सफाई आदि के संबंध में दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश।**

**आज दिनांक 16-07-2024 को अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस लाइन में साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के पश्चात पुलिस कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवायी गयी व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता बनाये रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करायी गयी। महोदय द्वारा क्वार्टर गार्द, परिवहन शाखा, आदि शाखाओं का निरीक्षण किया गया। पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात महोदय द्वारा पुलिस लाइन के आदेश कक्ष मे सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध मे सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।**

# प्रेस नोट दिनाँक 16.07.2024 थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर

## ◆थाना मिश्रौलिया पुलिस द्वारा 01 नफर वारन्टी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व गर्वित सिंह क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल निर्देशन व अरुण कुमार प्रभारी निरीक्षक मिश्रौलिया के नेतृत्व में आज दिनांक 16.07.2024 को थाना मिश्रौलिया पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय श्रीमान जे एम महोदय के प्राप्त आदेश वारंटी केस नम्बर 3256/03 धारा 5/8 गोवध निवारण अधिनियम वारंटी अभियुक्त नवरंग पुत्र कल्लू बंजारा साकिन- टेउवा ग्रांट थाना मिश्रौलिया जनपद -सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

01.नवरंग पुत्र कल्लू बंजारा साकिन टेउवा ग्रांट थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01. उ0नि0 ऋषिकेश पाण्डेय थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर
02. हे0का0 हनुमान मौर्य थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर
03. का0 राहुल यादव थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर

**प्रेस नोट दिनांक 16.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆यातायात सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा दो पहिया वाहन पर तीन सवारी बिना हेलमेट वाहन चलाना, सड़को के किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनो को हटवाना आदि के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।**

**आज दिनांक 16.07.2024 को पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह के आदेश के अनुपालन के क्रम मे,अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सिद्धार्थ के निर्देशन मे, क्षेत्राधिकारी यातायात सुजीत राय के कुशल पर्यवेक्षण मे प्रभारी यातायात अमरेश कुमार मय टीम द्वारा विशेष अभियान के तहत बाँसी, सनई चौराहा, साड़ी तिराहा,पेट्रोल पम्प तिराहा, हैड्रिल तिराहा तथा अन्य स्थानों पर पी० ए० सिस्टम से आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा सड़को के किनारे अवैध रूप से खड़े बड़े वाहनों को जिनसे दुर्घटना की प्रबल संभावना/जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी उनको हटवाया गया एवं बड़े वाहन/ट्रैक्टर-टालियो पर रिफ्लेक्टर टेप लगाया गया ,दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी/बिना हेलमेट वाहन चलाना तथा चार वाहनों मे सीटबेल्ट का प्रयोग न करना, गलत दिशा मे वाहन चलाना, नाबालिक द्वारा वाहन चलाते हुए पकड़े जाने पर 10 वाहन मालिकों पर चालान करते हुए कुल 52 वाहनों का चालान करते हुए ₹70,500/- शमन शुल्क की कार्यवाही करते हुए प्रत्येक दशा मे यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओ की संख्या मे भारी कमी लायी जा सके।**

**प्रेस नोट दिनांक 16.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आगामी मोहर्रम तथा श्रावण मास/कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत थाना मोहाना के कस्बा बर्डपुर में भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर थाना मोहाना पुलिस के साथ रुट मार्च/पैदल गश्त किया गया।**

**सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आज दिनांक 16-07-2024 को थाना मोहाना पुलिस के साथ कस्बा बर्डपुर में त्यौहार मोहर्रम व श्रावण मास/कांवड़ यात्रा तथा जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत चिन्हित हाट स्पॉट व भीड़-भाड़ वाले स्थानों के आस-पास रुट मार्च/पैदल गश्त कर आम-जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया। आपस में सौहार्द बनाये रखने व अफवाहों से दूर रहने हेतु अपील किया गया।**

**प्रेस नोट दिनांक 16.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆त्यौहार मोहर्रम व श्रावण मास/कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ रुट मार्च/पैदल गश्त कर सुरक्षा का एहसास कराया गया।**

**सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 16-07-2024 को जनपदीय पुलिस द्वारा मोहर्रम व श्रावण मास/कांवड़ यात्रा तथा जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व भीड़-भाड़ वाले स्थानों के आस-पास दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ रुट मार्च/पैदल गश्त कर आम-जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया। आपस में सौहार्द बनाये रखने व अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी खबर की प्रमाणिकता जाने बिना शेयर न करने हेतु अपील किया गया।**

***प्रेस नोट थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर दिनांक 16.07.2024***

***थाना खेसरहा पुलिस द्वारा दुष्कर्म के आरोप में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया ।***

**सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत के आदेश के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व सतीश चंद्र पांडेय क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक रवीन्द्र सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना खेसरहा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 134/2024 धारा 376(1), 511, 504, 506 भा0द0वि0 व 18 पोक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।**

***गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-***

**1. विपुल पुत्र जयद्रथ निवासी बनकेगांव थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।**

***गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण* –**

**1.प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।**

**2.उ0नि0 राकेश कुमार प्रभारी चौकी कुर्थिया थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।**

**3.मुख्य आरक्षी अष्टवर्ती वीरबहादुर यादव थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।**

**4.मुख्य आरक्षी चन्द्रशेखर चौरसिया थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।**

**5.आरक्षी सर्वेश यादव थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।**